उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या :: 230 /10/DR/E-2/Civil Judge/2022-23 दिनाँक :: 22 नवम्बर, 2023

विज्ञप्ति
''उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (मुख्य) परीक्षा–2022''

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–10/DR/E-2/Civil Judge/2022-23, दिनाँक 01 मार्च, 2023 द्वारा विज्ञापित **''उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा 2022''** के सापेक्ष **मुख्य परीक्षा (वर्णनात्मक एवं प्रायोगिक परीक्षा)** का आयोजन **दिनाँक 05 दिसम्बर, 2023 (मंगलवार)** से **दिनाँक 09 दिसम्बर, 2023 (शनिवार)** तक **परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार** में किया जायेगा। उक्त परीक्षा के लिए औपबन्धिक रुप से अर्ह अभ्यर्थी अपना **प्रवेश–पत्र (Admit-Card) दिनाँक 25 नवम्बर, 2023 (शनिवार)** से आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से कोई सूचना/प्रवेश–पत्र (Admit-Card) प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

2. उपरोक्त के अनुक्रम में दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक के सम्बन्ध में प्राविधान का उल्लेख, विज्ञापन के **परिशिष्ट–4** में किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा विज्ञापन में उल्लिखित दिव्यांगता श्रेणी के सापेक्ष आनलाइन आवेदन–पत्र में दावा किया गया है, उक्त अभ्यर्थी **श्रुतलेखक (Scribe)** की सेवा आयोग द्वारा उपलब्ध कराये जाने अथवा स्वतः श्रुतलेखक (Scribe) की व्यवस्था करने के संबंध में आयोग कार्यालय में प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

3. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष स्वयं श्रुतलेखक (Scribe) लाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को विज्ञापन के परिशिष्ट–4(I) पर निर्गत प्रमाण पत्र, श्रुतलेखक से संबंधित परिशिष्ट–4 (II) पर निर्गत प्रमाण पत्र एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो **दिनाँक 28 नवम्बर, 2023 (मंगलवार)** तक सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन– 249404 कार्यालय में डाक अथवा ई–मेल : soexamtwo2@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष आयोग द्वारा श्रुतलेखक (Scribe) उपलब्ध कराये जाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को विज्ञापन के परिशिष्ट–4(I) पर निर्गत प्रमाण पत्र **दिनाँक 28 नवम्बर, 2023 (मंगलवार)** तक डाक अथवा ई–मेल : soexamtwo2@gmail.com के माध्यम से सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन– 249404 के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त अभ्यर्थी आयोग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे श्रुतलेखक से परीक्षा की तिथि से 01 दिन पूर्व अर्थात **दिनांक 04 दिसम्बर, 2023 (सोमवार)** को कार्यालय अवधि (9:30 A.M.- 6:00P.M.) में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग कार्यालय, हरिद्वार में उपस्थित होकर मिल सकते है।

आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि **28 नवम्बर, 2023 (मंगलवार)** तक वांछित अभिलेख उपलब्ध कराने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को ही आयोग द्वारा श्रुतलेखक अनुमन्य किया जाएगा।

-sd/-
(अवधेश कुमार सिंह)
प्र0 सचिव।